### शहडोल में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

# कांग्रेस के रंग में रंगा शहर, रैली में उमड़ा सैलाब

**शहडोल। कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा देने के लिए नियुक्त किए गए युवा नेता अजय अवस्थी का शहडोल आगमन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए ऐतिहासिक पल साबित हुआ। जैसे ही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शहर पहुंचे, चौक-चौराहों पर उनका जोरदार स्वागत हुआ और रैली में कांग्रेसियों का हुजूम उमड़ पड़ा। जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत और नारों की गूंज ने पूरे शहर को कांग्रेसमय बना दिया। सोमवार की शाम से ही शहडोल शहर कांग्रेस के रंग में रंग चुका था। जय स्तंभ चौक से लेकर राजेंद्र टॉकीज, गांधी चौक, जैन मंदिर और मोहनराम तालाब मंदिर तक हर ओर कांग्रेस के झंडे लहरा रहे थे। होर्डिंग, बैनर और फ्लेक्स पोस्टर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी और प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की छवियां लगी हुई थीं। मानो पूरा शहर कांग्रेस के स्वागत में सजाया गया हो।**







#### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

मंगलवार को दोपहर 12 बजे जय स्तंभ चौक कलेक्टर कार्यालय के सामने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भव्य रैली निकाली गई। रैली में जिले के सभी ब्लॉकों से आए कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और बुद्धिजीवी तबके के लोग शामिल हुए। चार पहिया और दोपहिया वाहनों का काफिला रैली में नजर आया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नारों और झंडों की गूंज से पूरा शहर गूंज उठा।

#### चौक-चौराहों पर हुआ स्वागत

जैसे ही रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, कांग्रेसजनों ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। राजेंद्र टॉकीज चौराहा, गांधी चौक, जैन मंदिर से लेकर मोहनराम तालाब मंदिर तक कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए चल रहे थे। फूलों की वर्षा और नारों की गूंज ने माहौल को और अधिक जोशीला बना दिया।

#### कांग्रेस भवन पर हुआ शक्ति प्रदर्शन

रैली का समापन इंदिरा चौक स्थित कांग्रेस भवन पर हुआ। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हुई। कांग्रेस भवन खचाखच भर चुका था और बाहर तक कार्यकर्ताओं का हुजूम नजर आया। मंच पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने के संकल्प को दोहराया।

#### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का संबोधन

अजय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस को आज मजबूत संगठन की आवश्यकता है और इसके लिए वरिष्ठ नेताओं का अनुभव, कनिष्ठ कार्यकर्ताओं का सहयोग और युवाओं की ऊर्जा को मिलाकर काम करना होगा। उन्होंने साफ कहा कि वे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस संगठन की मजबूती और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा यह जिम्मेदारी केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि पूरे शहडोल जिले के कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी है। हम सब मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। गांव-गांव और शहर-शहर जाकर जनता की आवाज बनेंगे।

#### युवाओं और महिलाओं को मिलेगी अहम जिम्मेदारी

अपने भाषण में अजय अवस्थी ने युवाओं और महिलाओं को विशेष रूप से संगठन में शामिल करने और उन्हें सक्रिय जिम्मेदारी देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भविष्य तभी मजबूत होगा जब संगठन में हर वर्ग की भागीदारी होगी। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर राहुल गांधी जिंदाबाद, अजय अवस्थी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। भीड़ का उत्साह देखकर यह साफ जाहिर हो रहा था कि कांग्रेस संगठन में नए नेतृत्व ने नई जान फूंक दी है।

#### विपक्ष पर साधा निशाना

अजय अवस्थी ने भाजपा सरकार को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जनता को त्रस्त कर दिया है। अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे घर-घर जाकर भाजपा की नाकामियों को उजागर करें और कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाएं। कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर था। अजय अवस्थी जैसे ही मंच पर पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने तालियों की गडग़ड़ाहट और नारों के बीच उनका स्वागत किया। कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया।

#### जिले की राजनीति में एक नया संदेश

अजय अवस्थी के जिलाध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जो उत्साह देखने को मिला, उसने शहडोल जिले की राजनीति में एक नया संदेश दे दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ता अब नए जोश और ऊर्जा के साथ मैदान में उतरने को तैयार नजर आ रहे हैं। चौक-चौराहों पर स्वागत, भव्य रैली और कांग्रेस भवन में उमड़ी भीड़ ने साफ कर दिया कि कांग्रेस संगठन में अब नई जान आ चुकी है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से 9 वर्षीय बालक की मौत

**शहडोल।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 09 वर्षीय मासूम की मौत स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के कारण हो गई। मृतक विनीत सिंह पिता दरोगा सिंह सोमवार शाम करीब 5 बजे घर के पास खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। परिजनों ने बच्चे की काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंततः उन्होंने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने खोजबीन शुरू की और मंगलवार को विनीत का शव घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित गिरवा हाई स्कूल के सेप्टिक टैंक में मिला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय निवासियों और परिजनों ने आरोप लगाया कि यह हादसा स्कूल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। लोगों का कहना है कि सेप्टिक टैंक खुला पड़ा था, जिसके चलते मासूम की जान गई। अमलाई थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### हर मंगलवार संकट मोचन हनुमान मंदिर में भंडारा



**ब्योहारी।** नगर की पुरानी मजिस्ट्रेटी के पास गुरुद्वारा के बगल में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा पिछले एक वर्ष से निरंतर चल रही है। दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम की आरती से पहले तक चलने वाले इस भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। मंदिर समिति के सदस्य दीपक नागपाल और रोशन नागपाल ने बताया कि आसपास के हनुमान भक्तों के आपसी सहयोग से यह आयोजन संभव हो पाया है। भंडारे में हर सप्ताह अलग-अलग व्यंजन परोसे जाते हैं, कभी हलुआ-पूड़ी, कभी खिचड़ा-सब्जी, तो कभी कढ़ी-भात, पूलाव, बूंदी और मिठाई आदि। स्थानीय व्यापारियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से संचालित यह भंडारा नगर में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया है।

### जिले में 27 अगस्त को रहेगा स्थानीय अवकाश

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. केदार सिंह ने मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल की अधिसूचना के परिपालन में सामान्य पुस्तक परिपत्र के भाग-2 के अनुक्रमांक 04 के नियम 08 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गणेश चतुर्थी 27 अगस्त एवं 30 सितम्बर 2025 को दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### संयुक्त आयुक्त ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए शीघ्र निराकरण के निर्देश

**शहडोल।** संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश की अध्यक्षता में मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान शहडोल संभाग के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई में उमरिया जिले के पाली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सीता प्रसाद शुक्ला ने सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश दर्ज करवाने का आवेदन दिया। अनूपपुर जिले के ग्राम देवहरा निवासी सुहानी बैगा ने दैनिक वेतन भोगी/स्थायी कर्मियों को मृत्यु उपरांत सेवा-निवृत्त उपादान का भुगतान कराने की मांग की। वहीं बुढ़ार निवासी दान बहादुर सिंह ने अपने दस्तावेजों में तरमीम करवाने हेतु आवेदन दिया। संयुक्त आयुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास भेजते हुए शीघ्रता और पारदर्शिता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 28 अगस्त को केसरवानी समाज का महासंगम केसर कुंभ



**शहडोल। केसरवानी वैश्य नगर सभा शहडोल समाज द्वारा गोत्राचार्य भगवान महर्षि कश्यप मुनि जी के जन्मोत्सव के शुभावसर पर कश्यप जयंती समारोह केसर कुम्भ महासंगम 28 अगस्त को स्थानीय भारती पैलेस शहडोल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी होंगे उनके साथ प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी जी रहेंगी।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता केसरवानी वैश्य नगर सभा के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता करेंगे। पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने बताया कि दोपहर 1:30 बजे केसरवानी भवन पांडवनगर चौक को महर्षि कश्यप चौक के नाम से नगरपालिका अद्यक्ष घनश्याम जायसवाल द्वारा लोकार्पण किया जाएगा तत्पश्चात भगवान महर्षि कश्यप मुनि जी की विधिवत पूजन अर्चन कर शोभायात्रा ढोल,नगाड़े,रथ,गाजे बाजे के साथ राजेंद्र टॉकीज चौक से होते हुए जय स्तंभ चौक- गढ़ी सोहागपुर-भूसा तिराहा- बाणगंगा बाईपास से नया बस स्टैंड होते हुए इंदिरा चौक-गांधी चौक- नगर पालिका- स्टेडियम रोड होते हुए भारतीय पैलेस में पहुंचेगी तत्पश्चात ध्वजारोहण एवं कश्यप जी की आरती कर अतिथियों को मंचासीन किया जाएगा। स्वागत भाषण अद्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता द्वारा दिया जाएगा। मंचीय कार्यक्रम में सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह , विधायक सोहागपुर मनीषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष अमिता चपरा विराट गौरव के रूप में मंच को सुशोभित करेंगे तथा केसर गौरव के रूप में महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर एम.के. गुप्ता वाराणसी, शिव कुमार वैश्य प्रयागराज तथा जबलपुर से राजीव गुप्ता मंचासीन होंगे। केसर रत्न के रूप में अन्य जिलों से आये हुए अतिथि मंचासीन होंगे। उक्त आयोजन केसरवानी नगर सभा,महिला सभा एवं केसरवानी तरुण सभा के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक देवेंद्र गुप्ता एव रविंद्र गुप्ता रिंकू हैं तथा शोभा यात्रा के संयोजक अमर गुप्ता रोशू है। तरुण सभा के अध्यक्ष ऋतुराज गुप्ता ने बताया की शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारी कर ली गई है शोभा यात्रा के मार्ग को व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन से निवेदन किया गया है। इस पत्रकार वार्ता में राजेश गुप्ता संरक्षक, नगर सभा अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, महामंत्री बी.एम.गुप्ता, तरुण सभा अध्यक्ष ऋतुराज गुप्ता कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र गुप्ता एव रविंद्र गुप्ता, कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अमर गुप्ता, विकास गुप्ता एवं समाज के वरिष्ठ उपस्थित थे। केसरवानी नगर सभा शहडोल द्वारा सभी स्वजातीय जनों से भगवान की शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।




## एमएलबी कन्या विद्यालय में 75 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण

### साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**शहडोल।** शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस योजना के तहत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 58 छात्राओं तथा कक्षा छठवीं में अध्ययनरत 17 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती साधना जैन, प्रधान अध्यापक लाल जी तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने बताया कि अब वे कम समय में विद्यालय पहुंच सकेंगी, जिससे उनके समय और श्रम की बचत होगी और इस समय का सदुपयोग वे पढ़ाई में कर पाएंगी।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए 9 नवंबर को मध्य प्रदेश से दिल्ली कूच: भरत

**शहडोल। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश और ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 24 अगस्त को भोपाल के रसधाम गार्डन में प्रांतीय चिंतन बैठक संपन्न हुई।**



बैठक की अध्यक्षता आजाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से पधारे फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल शामिल हुए। डॉ. पटेल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनपीएस के खिलाफ पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन अब निर्णायक दौर में है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार की लड़ाई सरकार को ओपीएस बहाल करने के लिए विवश करेगी, क्योंकि कर्मचारी एनपीएस नीति को पूरी तरह नकार चुके हैं।प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि 9 नवंबर को हजारों कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे और फेडरेशन के आंदोलन को अंतिम अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षक संघ ई-अटेंडेंस और वरिष्ठता जैसे मुद्दों पर प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज करेगा। बैठक में फेडरेशन मध्यप्रदेश एवं भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शशिकांत शर्मा और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जनक सिंह रावत ने भी अपने-अपने कैडर से दिल्ली पहुंचने की घोषणा की। कार्यक्रम में ऑर्डनेंस नेता मनीष पांडे, राकेश राय (जबलपुर), सीएजी और पोस्टल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। शहडोल से के.एल. यादव, प्रवीण पटेल, भानु पटेल और राजकुमार पटेल ने बैठक में भागीदारी की।

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा दिसम्बर माह में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन




**शहडोल।** सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की मासिक बैठक एम.एल. मंत्री के अध्यक्षता में होटल लेबिल वन में महेश अग्रवाल एवं सी.एल. सरावगी के सौजन्य से 24 अगस्त 2025 को सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में भगवान हनुमान जी की आरती से हुआ। संस्था के उपाध्यक्ष छोटेलाल सरावगी ने विगत जुलाई माह में हुए छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में हुई सफलता पर सबको बधाई दी और आशा व्यक्त की आगामी वर्षों में इस समारोह को और वृहत रुप से किया जाना चाहिए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिसम्बर माह में जिले के किसी एक गांव को चयनित कर एक विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की संस्था के साथ शासन, जिला चिकित्सालय के साथ नेत्र विशेषज्ञों का सहयोग लिया जायेगा। शिविर में प्रथम दिन चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगों का परीक्षण किया जाकर दवाई एवं चश्मों का वितरण किया जायेगा और जिन नेत्र रोगियों का ऑपरेशन किया जाना है उन्हें चयनित कर शहडोल बुलाया जायेगा। ऑपरेशन के दिन नेत्र रोगियों को शहडोल लाकर उनका सफलता पूर्वक ऑपरेशन कराया जायेगा। बैठक में सर्व एम.एल. मंत्री, महेश अग्रवाल, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, छोटेलाल सरावगी, अशोक बोहरा, जी.डी. आहूजा, मृत्युंजय सिंह, एस. के. सिंह परमार, राजकुमार सिंह, राजेन्द्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, महेन्द्र श्रीवास्तव, महेन्द्र बियानी, डॉ. गौरी शंकर, राधेश्याम शुक्ला, सुहास वासुदेव, सुरेन्द्र अग्रवाल, शरद झवेरी, दीपक ढोढ़ी एवं तेजवली सिंह उपस्थित थे।

## साक्षरता परीक्षा की तैयारी हेतु जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति और आगामी तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने जानकारी दी कि प्रदेश को वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को नवसाक्षर बनाने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, बीएड और डीएड छात्र-छात्राओं की मदद से ग्राम/वार्ड स्तर पर शत-प्रतिशत घर-घर सर्वे कराया जाएगा। सर्वे में प्राप्त आंकड़ों को *ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दर्ज किया जाएगा।

#### साक्षरता दिवस पर होंगे विशेष आयोजन

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि आगामी 8 सितम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिलेभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अक्षर साथियों और संकुल सह-समन्वयकों को सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

#### असाक्षरों को जोडने पर विशेष बल

बैठक में यह भी तय किया गया कि सर्वे के दौरान असाक्षरों को शिक्षा के महत्व को समझाकर उन्हें कार्यक्रम से जोडने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, पहले से उत्तीर्ण नवसाक्षरों को भी निरंतर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम/वार्ड में सामाजिक चेतना केंद्र के नोडल अधिकारी एवं स्थानीय शिक्षक-छात्रों की टीम मिलकर सर्वे कार्य की जिम्मेदारी संभालेंगे। बैठक में डीपीसी अमरनाथ सिंह, बीआरसीसी, ब्लॉक सह-समन्वयक सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं अधिकारियों को दिए शीघ्र निराकरण के निर्देश



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई में बस स्टैंड शहडोल निवासी संजय कुमार गुप्ताने उपचार हेतु आर्थिक सहायता की मांग की। ग्राम जमुनिया निवासी रामकृपाल कुशवाहा ने जंगली जानवरों से हुई क्षति का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। वहीं ग्राम पोस्ट खड्डा निवासी सुगंधी पटेल ने संबल कार्ड बनवाने, ग्राम झिरिया टोला थाना जयसिंहनगर निवासी उपेंद्र कुर्मी ने गरीबी रेखा सूची में नाम दर्ज कराने तथा ग्राम झगरहा निवासी ज्योति केवट ने राशन कार्ड जारी करने हेतु आवेदन दिया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई कर संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निराकरण शीघ्रता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेलों का किया जाएगा आयोजन

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से तीन दिवसीय विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । उन्होने बताया कि 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि सभा, फिट इंडिया प्रतिज्ञा, मनोरंजन खेल प्रतियोगिता, 30 अगस्त को स्कूल, महाविद्यालय स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता, फिटनेस वार्ता, स्वदेशी खेलो के आस पास खेल प्रतियोगिताएं , इंडोर खेल तथा 31 अगस्त को संडे ऑन साइकिल में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है एवं राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश एवं एसओपी अनुसार कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार कर समस्त कार्यवाही करने की बात कही है।

### आज आईटीआई में एक दिवसीय कैंपस का आयोजन

**उमरिया।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय कैंपस का आयोजन 27 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे से किया गया है। प्राचार्य आईटीआई उमरिया ने बताया कि कैंपस में हीरो मोटर प्राइवेट हरिव्दार उत्तराखंड की कंपनी भाग लेगी । शैक्षिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकते है । आयु 18 से 26 वर्ष होनी चाहिए । स्टाईपेंड 18760 रूपये से 24933 रूपये तक दिया जाएगा । व्यवसाय फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मसिनिस्ट, ट्रेक्टर मैकेनिक आदि शामिल है । पासआउट वर्ष 2022 से 2025 फाईनल ईयर के छात्र पात्र होगे । उन्होने कहा है कि कैंपस में भाग लेने के लिए अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा , सीव्ही , रिज्यूम सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवे ।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**कटनी।** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा।

### कांग्रेस पार्टी ने दी सड़क से लेकर अदालत तक आंदोलन की चेतावनी

# भाजपा राज में अधिकारी ही भू-माफियाः कुंवर विनोद

**शहडोल।** कांग्रेस नेताओं ने भाजपा राज को भू-माफियाओं का संरक्षण देने वाला करार देते हुए बड़ा खुलासा किया है। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी व किसान नेता कुंवर सिंह पटेल तथा प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने आरोप लगाया कि जिले की ब्यौहारी तहसील के ग्राम खड़हुली में अधिकारियों ने पद का दुरुपयोग कर शासकीय भूमि को फर्जी विक्रय के जरिए हड़प लिया। इस घोटाले से प्रदेश सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया है।



#### कांग्रेस नेताओं ने लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि ग्राम खड़हुली में दर्ज लगभग 20 आराजियों को, जो पूर्व में गैरहकदार और चरनोई भूमि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज थीं, रिकॉर्ड से विलोपित कर निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया पटवारी राजेंद्र द्विवेदी, पटवारी प्रदीप तिवारी, तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा, तत्कालीन तहसीलदार भुवनेश्वर सिंह, तत्कालीन एसडीएम नरेंद्र सिंह धुर्वे और तत्कालीन कलेक्टर वंदना बेद्य (आईएएस) की मिलीभगत से की गई।

#### कैसे हुआ खेल?

नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा ने अपने अधिकार क्षेत्र से परे जाकर प्रकरण क्रमांक 0017/अ/_74/2023-24 दिनांक 3 अगस्त 2023 के जरिए गैरहकदार और चरनोई शब्द हटाने का आदेश जारी किया। जबकि राजस्व संहिता के अनुसार नायब तहसीलदार को ऐसा कोई अधिकार नहीं है। उक्त अधिकार केवल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को है। इसके बावजूद राजस्व अधिकारियों ने सांठ-गांठ करके भूमि का स्वामित्व कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर कुछ खास लोगों को सौंप दिया।

#### रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी विक्रय

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि इस प्रकरण में संबंधित पटवारियों ने अपने परिजनों और रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने का काम किया। पटवारी राजेंद्र द्विवेदी की पत्नी छाया शुक्ला, मां मांडवी द्विवेदी और रिश्तेदार दिवाकर तिवारी के नाम विक्रय पत्र तैयार किया गया। पटवारी प्रदीप तिवारी की पत्नी लक्ष्मी रेशमा तिवारी, भाई संदीप तिवारी, मां पूर्णिमा तिवारी, रिश्तेदार दिवाकर सिंह तिवारी और भाभी राजललि द्विवेदी के नाम भी अवैध दस्तावेजों से भूमि दर्ज की गई। नेताओं का कहना है कि यह सब कुछ एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत किया गया, जिसमें शासन की 200 करोड़ से अधिक की भूमि निजी कब्जे में चली गई।

#### शिकायतों पर कार्रवाई नहीं

इस घोटाले की शिकायत कांग्रेस नेताओं ने 25 मार्च 2025 को एसडीएम, कलेक्टर, संभागायुक्त, मुख्य सचिव, राजस्व विभाग और मुख्यमंत्री तक की थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा शासन में भू-माफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

#### कांग्रेस की चेतावनी

कुंवर सिंह पटेल और विनोद शर्मा ने कहा कि यदि शीघ्र ही इस घोटाले में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी सडक़ से लेकर अदालत तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में आम जनता की जमीन और हक सुरक्षित नहीं है, बल्कि अधिकारी स्वयं भू-माफिया बन चुके हैं।

#### आंदोलन की तैयारी

ज्ञापन देने के दौरान कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे, जिनमें राजू पांडे, ऊर्जावान खेमराज साकेत, गणेश सिंह, कोशल पटेल, टिंकू पांडे, रामाधार सिंह और रामकलेश रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। नेताओं ने कहा कि अब यह लड़ाई जनता के हक और प्रदेश की संपत्ति को बचाने की होगी।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 49 आवेदकों की सुनी समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए 49 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में देवदत्त कुशवाहा ग्राम सिगुड़ी ने प्रार्थी की जमीन वापस दिलाने, विशाली कुम्हार चंदिया ने रूकी पेंशन व राशन दिलाने, चंद्रशेखर गुप्ता उमरिया ने पुत्र के आंख के इलाज हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, शत्रुधन गुप्ता निवासी निगहरी ने अमानक खोवे की जांच कराने, सरजू सिंह ग्राम मरदरी ने वृध्दा वस्था पेंशन दिलाने, रोशनी साहू ने अतिथि शिक्षक के पद पर उपस्थित कराए जाने, इंदपाल सिंह मानपुर ने प्राकृतिक आपदा से मकान क्षतिग्रस्त होने पर सहायता राशि उपलब्ध कराने, दुरपाल , सुखलाल, राम कुमार , राकेश ग्राम कोलौनी के ग्राम बरहाई कुदरी के झींकाताल मोहल्ला में टूटी पुलिया की मरम्मत कराने संबंधी आवेदन दिया । जनसुनवाई में शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास करकेली में उत्पन्न समस्याओं के संबंध में छात्रों ने आवेदन किया , जिस पर कलेक्टर ने कहा कि जिले मे संचालित सभी छात्रावासों में आवंटन करने की प्रक्रिया को चस्पा किया जाए तथा अनुसूचित जाति, जन जाति एवं स्कूल शिक्षा विभाग व्दारा संचालित छात्रावासो में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए छात्रों की सूची चस्पा की जाए । जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर व सीईओ को भेंट की गई गणेश प्रतिमा



**उमरिया।** ग्रीन गणेश अभियान के अंतर्गत उमरिया जिले के युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह को गोबर व मिट्टी के बने इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा भेंट कर गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी गई। युवा टीम के द्वारा ग्रीन गणेश अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में मिट्टी की प्रतिमा बनाने एवं प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमा ना स्थापित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। विद्यालय छात्राओं एवं युवा टीम के सदस्यों के द्वारा अपने हाथों से निर्माण की गई गोबर एवं मिट्टी की गणेश प्रतिमा संभाग व जिले के अधिकारियों को भेंट की जा रही है। कलेक्टर धारणेन्द्र कुमार जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ने युवा टीम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छी पहल है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की बनी प्रतिमाएं जल को पूरी तरीके से दूषित कर देती हैं एवं नदी तालाबों के जल को ग्रहण करने वाले पशु एवं पक्षियों को भी हानि पहुंचाती हैं। गोबर एवं मिट्टी के बने इको फ्रेंडली गणेश जी की प्रतिमा भेंट करते समय जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला, हिमांशु तिवारी,अभिनव द्विवेदी,शिखा बर्मन, सौरभ पांडे उपस्थित रहे।

## फोर्थ ईएमआरएस राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

### विजेता टीम को किया गया सम्मानित

**उमरिया।** फोर्थ ईएमआरएस राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन अमर शहीद स्टेडियम उमरिया में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 19 आयु वर्ग की बालक/बालिका की हॉकी टीम डिंडौरी, बडवानी, खरगौन तथा पाली उमरिया शामिल हुई । विधायक बांधवगढ़ ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए , जिससे बच्चों का मानसिक एवं शारिरिक विकास हो सके, साथ ही उन्होने स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रतिभागियो को प्रेरित किया । प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला ईएमआरएस डिंडौरी एवं ईएमआरएस खरगोन के बीच खेला गया जिसमें ईएमआरएस खरगोन की टीम पैनल्टी स्ट्रोक द्वारा 1-0 से विजयी होकर प्रथम स्थान पर तथा ईएमआरएस डिंडौरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । वही 19 बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला ईएमआरएस बड़वानी एवं ईएमआरएस पाली जिला उमरिया के बीच खेला गया जिसमें ईएमआरएस पाली की टीम 4-0 से विजयी होकर प्रथम स्थान पर रही वही ईएमआरएस बड़वानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर आने वाली टीमे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जो अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में उड़ीसा (राउरकेला) में आयोजित है ,के लिए चयनित हुई। प्रतियोगिता का समापन समारोह सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी बाधवगढ़ कमलेश नीरज,प्रभारी सहायक आयुक्त सरिता जैन विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे । मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा विजयी टीम (खरगौन बालक तथा पाली उमरिया बालिका) को पुरूस्कार वितरित कर प्रतिभागियों को और अधिक मेहनत कर राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने के लिए शुभकामनाए दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला प्रशासन उमरिया , सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला उमरिया एवं नोडल अधिकारी तेन सिंह रघुवंशी प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पाली, संजय पाण्डेय प्राचार्य बालक क्रीडा परिसर उमरिया , जिला क्रीडा अधिकारी शिक्षा विभाग शेख सलीम एवं जिला क्रीडा अधिकारी रामकुशल पाण्डेय जनजातीय कार्य विभाग तथा विभागीय पीटीआई रविन्द्र तिवारी, इनायत उल्ला खॉन, अरविंद शर्मा एवं क्रीडा परिसर उमरिया के सभी हॉकी कोच के साथ साथ विद्यालय के पीटीआई अशोक कुमार बर्मन , हेमलता कुशवाहा एवं एकलव्य विद्यालय पाली के समस्त शिक्षक/कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा है। मंच का संचालन मनोज द्विवेदी- उ0मा0 शि0 उत्कृष्ट विद्यालय पाली एवं एकलव्य विद्यालय की शिक्षिका अनन्या शुक्ला द्वारा किया गया ।







### सेहत की पाठशाला में किया स्वास्थ्य सम्बंधी चर्चा

**उमरियापान।** उमरियापान के चौरसिया मंगल भवन में सेहत की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मा सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर वरिष्ठ स्वास्थ्य परामर्शदाता अधीर घोडेश्वर, संध्या धोडेश्वर,सुधा घोडेश्वर, रश्मि बांगडे के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और स्वास्थ्य को लेकर चर्चा किया।मुख्य वक्ता संध्या अधीर घोडेश्वर ने आज के परिवेश में खानपान संबंधी बीमारी से मुक्ति, मेडिसिन फ्री लाइफ एवं जीवन सेहत संबंधी जानकारी दी। संचालन मनोज पसारे द्वारा किया गया।

## भगवा पार्टी के जिला मंत्री संदीप गर्ग ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी के जिला अनूपपुर कार्यालय मंत्री संदीप कुमार गर्ग ने बुधवार को भोपाल स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियानों की विस्तृत जानकारी दी तथा राष्ट्रीय नेतृत्व से आगामी कार्ययोजना को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में गौ माता की रक्षा, लव जिहाद का सशक्त विरोध, सनातन संस्कृति एवं हिंदू समाज की सुरक्षा पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिला स्तर पर सदस्यता अभियान को और तेज़ गति देने, युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और वार्ड स्तर की समस्याओं को मजबूती से उठाने की बात कही। आगामी नगरपालिका चुनाव को लेकर भी रणनीति बनाई गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर सक्रिय रहते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और धार्मिक आस्था से जुड़े मुद्दों को जनता के बीच जोरदार ढंग से उठाने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान सामाजिक समरसता, कार्यकर्ताओं की निरंतर सक्रियता और जिले में प्रस्तावित आंदोलनों व कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

## खनिज पत्थर का अवैध उत्खनन करते ट्रेक्टर जब्त



**उमरिया।** कलेक्टर धारणेन्द्र कुमार जैन ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक द्वारा खनिज पत्थर के अवैध उत्खनन में 02 ट्रेक्टर ट्राली क्रमशः एमपी 54ए4724 एवं ट्रेक्टर इंजन नंबर ई 3710405 को जप्त किया गया है। इस प्रकार अगस्त में वर्तमान तक उक्त प्रकरणों को शामिल करते हुये कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये। प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## ग्रामीण उड़ा रहे प्लास्टिक प्रतिबंध की धज्जियां



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जहां शासन एक ओर प्लास्टिक पर रोक लगाने का कार्य कर रही है। आये दिन लोगों मे जागरूकता लाने के लिए अभियान मे आये दिन चलाया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र मे लोगो के द्वारा इस अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कोतमा नगर के समीपी ग्राम पंचायत रेउला से पंकरिहा गांव जाने वाले रास्ते में घोचरी नाला के किनारे किसी ने काले रंग की प्लास्टिक की पालिथिन में भरकर प्लास्टिक की पानी की बोतल काफी संख्या में फेंक दी है जिसके कारण लोगों में नाराज ही देखी जा रही है लोगों का कहना है कि हमारे गांव के जानवर चारा खाने के लिए जाते हैं और यदि हमारे जानवर प्लास्टिक की बोतलों एवं पन्नियों का सेवन कर लेंगे जिसके कारण मूक पशु मे बीमारी होने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्लास्टिक के सेवन करने से मूक पशुओं की मौत भी हो सकती है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम पंचायत के सचिव से भी की है।

## थाना परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सभी लोगों द्वारा त्यौहार आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाए जाने की बात कही। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, विद्युत विभाग के अधिकारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे। एसडीम अजीत तिर्की ने कहा की नगर की परंपरा अनुसार आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ उत्साह के साथ मनाया जाए। गणेश चतुर्थी बुधवार से प्रारंभ हो गई है। 28 अगस्त को कश्यप जयंती, 5 सितंबर को ईद मिलाद-उन नवी जैन समुदाय का पर्यूषण पर्व तथा 6 सितंबर को गणेश विसर्जन कार्यक्रम आयोजित होने की जानकारी दी गई। सभी पंडाल मे रात्रि के दौरान सदस्य अवश्य रहेंगे। त्यौहार के दौरान आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की कार्यवाही की जाए। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने त्योहार को दौरान धार्मिक स्थलों पर विशेष ड्यूटी के साथ जगह-जगह गस्त बढ़ाने की बात कही हैं। किसी प्रकार की विवाद एवं घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दे। उपस्थित नागरिकों ने सुझाव दिए कि विद्युत विभाग की टीम द्वारा बिजली लाइन का निरीक्षण कर बीच सड़क एवं खंभों पर तार न झूले साथ ही आकारण विद्युत कटौती न की जाए। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ ने बताया कि त्योहारों के पूर्व सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। त्योहारों के दौरान निकलने वाले जुलूस मार्ग की सड़क तथा विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण करें। पंडाल समिति यह सुनिश्चित करें कि यातायात प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाए। एसडीम से अनुमति लेकर ही ध्वनि यंत्र बजाए। तेज डीजे बजाना सख्त प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका के द्वारा विसर्जन कुंड की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। बड़ी प्रतिमाओं के साथ घरों में रखे जाने वाली छोटी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन भी कुंड में ही किया जाएगा। विद्युत विभाग के द्वारा सभी गणेश समितियां से कहा गया है कि समिति के द्वारा पंडालों मे विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें। कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी, धार्मिक संगठन प्रमुख के साथ पत्रकार उपस्थित थे।

# बिजली विभाग ने पकड़ा एनओसी का खेल 3 दिन में जवाब नहीं तो कटेगा कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जैतहरी ऑफिस ने वार्ड क्रमांक 01 के एक उपभोक्ता को बड़ा नोटिस थमा दिया है। आरोप है कि उसने बिजली कनेक्शन लेने के लिए नगर परिषद से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र में ओवर राइटिंग करके गड़बड़ की और अवैध तरीके से घरेलू कनेक्शन हासिल कर लिया।

कंपनी के मुताबिक, मामला तब सामने आया जब नगर परिषद से भेजे गए पत्र के साथ पुराना एनओसी मिला। जांच में पता चला कि असली कागज में लिखे खसरा नंबर से छेड़छाड़ कर उसे बदला गया और इसी कागज के आधार पर घरेलू सर्विस क्रमांक 1328022456 का कनेक्शन लिया गया।



#### तीन दिन का अल्टीमेटम

बिजली विभाग ने साफ चेतावनी दी है तीन दिन के अंदर असली दस्तावेज और लिखित स्पष्टीकरण नहीं दिया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। नोटिस में साफ लिखा है कि जवाब नहीं मिलने पर उपभोक्ता खुद जिम्मेदार होगा। ज्ञात हो कि नगर परिषद जैतहरी ने 05 अगस्त को बिजली कंपनी को पत्र भेजा था, जिसमें एनओसी की कॉपी लगाई गई थी। इसी कॉपी को देखकर खेल का भंडाफोड़ हुआ।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिटनेस जागरूकता हेतु होंगी विविध गतिविधियां

**शहडोल।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आगामी 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में फिटनेस एवं खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान प्रतिभागियों को खेलकूद और योग से जुडने का अवसर मिलेगा। शासन ने निर्देश दिए हैं कि इस आयोजन में सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए।

**शहरी और ग्रामीण संस्थाएं होंगी सहभागी** -राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम में शासकीय-अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, खेल संस्थाएं और अन्य विभाग सक्रिय रूप से भाग लेंगे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की सभी संस्थाओं को इसमें शामिल किया जाएगा।

**स्थानीय खेलों को मिलेगी प्राथमिकता**- आयोजन के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियां कराई जाएंगी, जिनमें स्थानीय खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही फिट इंडिया मूवमेंट के तहत अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन कराने तथा प्रतिभागियों की फोटो और वीडियो अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

## 13 नवम्बर को होगी अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**शहडोल।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये पहले ही किया जा चुका है, वहां यह लागू नहीं होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को होगा। इसके बाद 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके बाद फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची 13 नवम्बर 2025 को नगर पालिका वार्डों तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित की जाएगी।

## गणेशोत्सव में पर्यावरण हितैषी मूर्तियों का करें पूजनः कलेक्टर



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि आगामी 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले गणेशोत्सव को पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाएँ। उन्होंने कहा कि नागरिक गोबर और मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को विराजित करें तथा पर्यावरण हितैषी प्रतिमाओं का उपयोग स्वयं करते हुए दूसरों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर ने बताया कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पानी में सहज रूप से घुल जाती हैं, जिससे पर्यावरण और जलस्त्रोत को कोई हानि नहीं पहुँचती। ये प्रतिमाएँ जल एवं भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती हैं। वहीं रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाएँ जल को प्रदूषित करती हैं, इसलिए प्रतिमाओं में प्राकृतिक रंगो का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव को उत्साह और उमंग के साथ मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दें। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन घर पर ही करें या फिर जिला प्रशासन द्वारा बनाए जाने वाले चलित विसर्जन कुंडों में करें। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों को पर्यावरण हितैषी बनाकर हरित भविष्य की राह प्रशस्त करें।

# गणेशोत्सव समिति से जुड़े सदस्यों से कहा कि पर्व की सार्थकतानुरूप श्री गणेश उत्सव को मनायें





### गणेश चतुर्थी का पर्व परम्परानुरूप मनायें जाने बुढार थाने में शांति समिति की संपन्न हुई बैठक

बुढार।

नगर में परम्परानुरूप श्री गणेश चतुर्थी का पर्व मनाये जाने बुढार थाना में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) विकास पाण्डेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, और पर्व से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया।

श्री गणेश चतुर्थी का पावन पर्व 27 अगस्त से प्रारंभ होकर आगामी 6 सितंबर तक चलेगा और पर्व को पूरे श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाये जाने को दृष्टिगत रखते हुये, शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के गणमान नागरिकों तथा श्री गणेशोत्सव समिति से जुड़े मुख्य जनों की उपस्थिति रही।

आहूत शांति समिति की बैठक में एस.डी.ओ.पी. विकास पाण्डेय ने श्री गणेशोत्सव समिति से जुड़े सदस्यों से कहाकि - पर्व की सार्थकतानुरूप श्री गणेश उत्सव को मनाये और समिति विद्युत की आकर्षक सजावट हेतु अस्थायी विद्युत का कनेक्शन अवश्य ले तथा यातायात को प्रभावित न होने दें और प्रतिमां स्थल पर डी.जे. का उपयोग न करें और गणेश भगवान की अत्यधिक बजनी मूर्ति स्थापित न करें, क्योंकि प्रतिमां विसर्जन में भारी परेशानी का सामना समिति को करना पड़ता है, वही गणेश उत्सव पण्डाल में समिति के सदस्य सुरक्षा का ध्यान भी रखें पर्व को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस की चाक - चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, इसके अलावा पर्व के दौरान अमलाई चौक से कोतमा मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने व व्यस्त मार्ग पर टैक्सी का रूट बदले जाने पर भी विचार विमर्श किया गया, वहीं नगर के स्ट्रीट लाइटों की समुचित व्यवस्था व प्रतिमां विसर्जन स्थल पर विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित का निर्णय भी लिया गया।

शांति समिति की बैठक में नायब तहसीलदार मनोज सिंह, उपनिरीक्षक गोविंद भगत, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र तिवारी, उप निरीक्षक श्रीमती शोभा नामदेव, नगर के प्रतिष्ठित नागरिक - पुष्पेंद्र ताम्रकार, दौलत मनवानी, रामयस मलानी, वरिष्ठ पत्रकार - मोहन नामदेव, आशीष नामदेव, अरुण जैन, दिलीप जैन, प्रकाश सिंह, सहायक स्वच्छता निरीक्षक राधिका तिवारी, अभिलाष ताम्रकार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बिजली ट्रिपिंग व अघोषित कटौती से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद

वर्षा काल का समय चल रहा है क्षेत्र मे हो रही अघोषित कटोती से विद्युत विभाग के मेंटेनस कार्य की कलई खुलकर सामने आ गईं। वर्षा काल के दौर पर जहां बिजली की नितांत आवश्यकता है। वही बिजली की अघोषित कटौती से जीवन दूभर हो रहा है। बहोरीबंद विकासखण्ड मैं तेज आंधी और बारिश होने पर अधिकांश हिस्सों में अंधकार होना आम बात है लेकिन सामान्यत बिजली की कटोती करने से जीवन दूभर हो रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह बिजली कंपनी का मिस मैनेजमेंट है। बारिश से पूर्व कंपनी के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य किया गया ताकि बारिश में बिजली गुल होने की नौबत न आएं। वर्तमान मे रोजाना बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आ रही है। विकासखण्ड के तिंगवा,खरगवां, देवरी, बाकल, चाँदनखेडा, मसन्धा, पाकर मोहनिया नीम, ककरेहटा, हथियागढ़, अमरगढ़, कूड़ा सहित अन्य ग्रामो में प्रतिदिन समस्या सामने आ रही है।

## मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की फितरत रही हैः दिलीप पांडे

**बिरसिंहपुर।** जीतू पटवारी का बयान घोर निंदनीयः दिलीप पांड** मातृशक्ति का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और भारत की परंपरा रही है l भारतीय धर्म ग्रंथो में भी नारी को सबसे उच्च दर्जा दिया गया है और जहां नारियों की पूजा होती है वही देवता निवास करते हैं ऐसा भी कहा गया है। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान जिससे मध्य प्रदेश ही नहीं वरन समूची मातृशक्ति और नारी जाति का अपमान होता है और मातृ शक्ति की भावनाएं आहत होती हैं । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री दिलीप पांडे ने कहा कि कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा उनके प्रदेश अध्यक्ष के बयानों से उनकी मानसिकता को भी उजागर करता है। जिस पार्टी की वर्तमान में सुप्रीमो स्वयं महिला के रूप में सोनिया गांधी जी और प्रियंका गांधी जी हैं, क्या वे जीतू पटवारी के बयानों से इतिफाक नहीं रखतीं? जिस प्रकार से मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हरतालिका तीज के पावन पर्व पर मातृ शक्ति को अपमानित किया है जिस कारण समूची नारी शक्ति मेआक्रोश व्याप्त है । श्री पांडे ने कहा कि प्रियंका गांधी और श्री मति गांधी और समूची कांग्रेस पार्टी की मातृ शक्ति क्या जीतू पटवारी के बयान से अलग है,यदि नहीं तो जीतू पटवारी का इस्तीफा और उन्हें सार्वजनिक रूप से मातृ शक्ति से माफी मांगने को क्यों नहीं कहा गया?श्री पांडे ने कहा कि जहां प्रदेश की मोहन यादव सरकार लाडली लक्ष्मी सुकन्या समृद्धि और तरह तरह की योजनाओं के माध्यम से मातृ शक्ति को लाभान्वित कर उन्हें सशक्त और समृद्ध बना रही है, वही कांग्रेस मातृ शक्ति की भावनाओं को आहत कर रही है।



# कॉलेज केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, क्रिएटिविटी बढ़ाकर नया मुकाम हासिल करने का अवसर: आयुक्त

### यूआईटी आरजीपीवी शहडोल में दीक्षारम्भ-2025 कार्यक्रम आयोजित

शहडोल।



यूआईटी आरजीपीवी शहडोल में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संभाग की आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि *कॉलेज मात्र पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि यह अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ाकर जीवन में नया मुकाम हासिल करने का अवसर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों का कैरियर गाइडेंस करते हुए हॉस्टल जीवन से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दिवेंद्र द्विवेदी (एचआर, ओरिएंट पेपर मिल अमलाई), श्री उत्कर्ष नामदेव (एचआर, टीएमसी) तथा गौरव झा (प्रोजेक्ट हेड, टीएमसी) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को एआई टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं करियर संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया।

संस्था के संचालक डॉ. पंकज जैन ने चार वर्षीय इंजीनियरिंग अध्ययनक्रम की रूपरेखा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। वहीं माइनिंग विभागाध्यक्ष अमिताभ मिश्रा और मैकेनिकल विभागाध्यक्ष आशीष खरे ने विद्यार्थियों को अकादमिक सिलेबस और पाठ्यक्रम की जानकारी दी। आयोजन को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहला कदम माना गया, जो उन्हें ज्ञान, अनुशासन और नई संभावनाओं के साथ आगे बढने की प्रेरणा प्रदान करता है।

### एसडीएम ने किया बालिका छात्रावास मऊ का निरीक्षण

# छात्राओं से ली सुविधाओं की जानकारी स्वच्छता व गुणवत्तायुक्त भोजन पर दिए निर्देश

शहडोल।



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी नरेंद्र सिंह धुर्वे ने शुक्रवार को संदीपनी आश्रम विद्यालय मऊ के कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रही छात्राओं से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं पर भी पूछताछ की। उन्होंने छात्रावास की किचन व भोजनालय की साफ-सफाई का जायजा लिया और भोजन तथा नाश्ते में उपयोग होने वाले खाद्यान्न, तेल-मसाले एवं अन्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। श्री धुर्वे ने छात्रावास अधीक्षक को परिसर की बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालय व बाथरूम की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा छात्राओं को शुद्ध पेयजल और शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्राओं को पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा भी दी।

### आखिर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई? स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में संचालित नियम विरुद्ध पैथोलॉजी

# अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल




मानपुर।

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और मिलीभगत ने ग्रामीण अंचलों में अवैध पैथोलॉजी और झोलाछाप डॉक्टरों को पनपने का खुला लाइसेंस दे दिया है। विकासखण्ड मानपुर के चिल्हारी क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज नियमों के विपरीत संचालित पैथोलॉजी और झोलाछाप डॉक्टरों के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि समाज के नामी-गिरामी लोग भी इस काले कारोबार में शामिल बताए जा रहे हैं, जिसके चलते प्रशासन कार्यवाही करने से कतराता है। नतीजतन, मरीजों की जिंदगी पूरी तरह भगवान के भरोसे चल रही है।

**अवैध जांच और आर्थिक दबाव**

चिल्हारी मुख्यालय में खून जांच सहित अन्य पैथोलॉजिकल टेस्ट के नाम पर खुलेआम फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। चिल्हारी बस स्टैंड के सामने विष्णुकांत यादव द्वारा संचालित सेवा पैथोलॉजी लैब इसका जीता-जागता उदाहरण है। यह लैब बिना मान्यता के संचालित हो रही है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। चिकित्सकों और लैब संचालकों की सांठगांठ से मरीजों को अनावश्यक जांच कराने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

**किराए की डिग्री से चल रहा कारोबार**

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के नियम स्पष्ट कहते हैं कि पैथोलॉजी लैब केवल एमडी पैथोलॉजिस्ट ही चला सकते हैं, लेकिन चिल्हारी समेत पूरे क्षेत्र में बी.फार्मा और अन्य डिग्रियों के सहारे फर्जी लैब धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कई लैब संचालक किराए की डिग्री लेकर कारोबार चला रहे हैं। यह स्थिति मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ से कम नहीं।

**गाइडलाइन धरी रह गई**

सरकार और मेडिकल काउंसिल के नियमों के मुताबिक, यदि कोई लैब नियमानुसार संचालित नहीं हो रही तो संचालकों के खिलाफ एफआईआर और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। सवाल यह उठता है कि जब नियम और प्रावधान इतने स्पष्ट हैं तो कार्यवाही में देरी क्यों?

**जिम्मेदार बनते अनजान**

ग्रामीणों ने बार-बार शिकायतें कीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई की जगह मीटिंग और औपचारिक जवाबों में उलझे दिखाई देते हैं। स्थानीय प्रशासन केवल आश्वासन तक सीमित है—जानकारी मिली है, निश्चित ही कार्यवाही होगी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अवैध पैथोलॉजी का धंधा जस का तस जारी है।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी से बनीं गणेश जी की प्रतिमा विराजने की अपील



### गोहपारू जनपद पंचायत में जन अभियान परिषद ने दिया प्रशिक्षण

**शहडोल।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नागरिकों से मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएँ स्थापित करने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड गोहपारू के ग्राम देवदहा एवं ग्राम सरना में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने नागरिकों से कहा कि घर-घर मिट्टी के गणेश प्रतिमा स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने बताया कि मिट्टी की प्रतिमाएँ जल में घुलनशील होती हैं, जिससे जल स्त्रोत प्रदूषित नहीं होते और प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। विकासखंड समन्वयक आलोक कुमार सोंधिया ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को आस्था के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी के लिए भी प्रेरित करना है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि धार्मिक आयोजनों और घरों में मिट्टी के गणेश प्रतिमाओं का ही पूजन करें। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मूर्ति निर्माण प्रशिक्षक संतोष कुमार सिंह ने प्रत्यक्ष रूप से मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाकर प्रतिभागियों को विधि बताई। इस अवसर पर मेंटर मुकेश कुमार पाठक सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनी में निर्मित सड़क को जेसीबी के माध्यम से किया गया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

**नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में अवैध निर्माण कार्यों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के ओल्ड सिक लाइन में पीर मोहम्मद पिता युनुस मोहम्मद यूनुस वल्द हाजी मोहम्मद इसहार,श्रीमती परीनवि जोजे हाजी मोहम्मद, मोहम्मद रोशन वल्द हाजी मोहम्मद इसहाफ़ श्रीमती जाहिदा बी जोजे मोहम्मद रोशन वल्द हाजी मोहम्मद इसहाम के द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।**




निगम आयुक्त श्री दुबे के निर्देश पर निगम के निर्माण शाखा के अधिकारियों एवं अतिक्रमण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बिना अनुमति स्थल पर सड़क निर्माण हेतु प्राथमिक संरचनाओं को जेसीबी वाहन से ध्वस्त करते हुए आगे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि न करने की सख्त चेतावनी स्थल पर मौजूद निर्माणकर्ताओं को दी गई। इस कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा सहित, उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह,अश्वनी पांडे, शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित अतिक्रमण दल एवं पुलिस बल की मौजूदगी रही। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर में अवैध कॉलोनियों का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियम विरुद्ध कॉलोनी विकसित करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। नागरिक भूखण्ड क्रय करने से पूर्व संबंधित भूमि के वैध दस्तावेज एवं कॉलोनी की स्वीकृति अवश्य जांच लें। नगर की सुव्यवस्थित योजना और विकास के लिए अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाना आवश्यक है। नागरिकों को भी चाहिए कि वे नियमों का पालन करते हुए ही निर्माण कार्य कराएँ।

## "छोटे स्तर पर बड़ा खेल" का नया नमूना

# आंगनबाड़ी भर्ती में खुले तौर पर गड़बड़ी नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

### असली वार्ड प्रत्याशी को "नो-एंट्री" और बाहरी उम्मीदवार को "ग्रीन सिग्नल"

**हरिभूमि न्यूज़अनूपपुर/राजनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती अब "भ्रष्टाचार की आंगनबाड़ी" बनती नज़र आ रही है। नगर परिषद ( बनगवां) राजनगर के वार्ड क्रमांक-05 की चयन सूची में ऐसी-ऐसी कलाबाज़ियाँ दिखीं कि लोग कहने लगे "नियम किताबों में लिखे जाते हैं, भर्ती में नहीं।"





### दस्तावेज़ों की ग़ज़ब कहानी

वार्ड-05 का असली उम्मीदवार तो अपात्र कर दिया गया, लेकिन बाहरी वार्डों (03, 09, 01 और 11) के उम्मीदवारों को पात्र बना दिया गया। यानी नियम कुछ और कहते हैं, और भर्ती लिस्ट कुछ और। चयनित प्रत्याशी के कागज़ों का हाल ऐसा है, जैसे पते की लॉटरी खेली गई हो। समग्र आईडी वार्ड-13 की, आधार कार्ड वार्ड-04 का, वोटर आईडी वार्ड-13 की, तलाक दस्तावेज़ में भी वार्ड-04 का ज़क्रि। निवास प्रमाण पत्र वार्ड 1 का जिक्र फिर भी चमत्कार देखिए नियुक्ति वार्ड-05 में "शायद यह वही जादुई पते हैं। जिनसे सरकारी कुर्सियाँ बदल जाती हैं।"

### भ्रष्टाचार की गुप्त साज़िश या खुला खेल

शिकायतकर्ताओं का आरोप है, कि असली वार्ड-05 प्रत्याशी को बाहर कर दिया गया। ताकि "सेटिंग वाले उम्मीदवार" अंदर आ सकें। अब सवाल यह है, कि क्या यह आंगनवाड़ी भर्ती है या फिर मिनी-व्यापम? नगर वासियों का का कहना है कि भर्ती की यह स्क्रिप्ट पहले से लिखी हुई थी। असली वार्ड प्रत्याशी को "नो-एंट्री" और बाहरी उम्मीदवार को "ग्रीन सिग्नल"। लोगों का सवाल है "जब कागज़ों में ही गड़बड़ी साफ़ है, तो फिर नियम किताबों का काम क्या ?" ग्रामीणों और आवेदकों ने अपनी तीन प्रमुख मांगें रखते हुए ज़ोर दिया है कि भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि गड़बड़ी और भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो सके। बाहरी वार्डों से जुड़े उम्मीदवारों को तुरंत अपात्र घोषित किया जाए, क्योंकि यह सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है। मिलीभगत करने वाले अफसर-कर्मचारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह कि अनियमितताओं पर रोक लग सके।

## खबर संक्षेप

### गणेश चतुर्थी पर आज जिले में रहेगा स्थानीय अवकाश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को स्थानीय अवकाश रहेगा। इसी तरह दीपावली के तीसरे दिन 22 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सामान्य पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है। यह अवकाश बैंक, जिला कोषालय व उप कोषालयों पर लागू नहीं होंगे।

### पुष्पराजगढ़ विधायक ने श्री कल्याण सेवा आश्रम को ज्ञापित किया धन्यवाद



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मा नर्मदा जी के उद्गम स्थल पावन नगरी अमरकंटक में श्री कल्याण सेवा आश्रम के महंत हिमाद्रि मुनि जी के सानिध्य में नव-निर्माण मुक्तिधाम का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने आश्रम के प्रबंध न्यासी श्री कल्याण दास महाराज एवं हिमाद्रि मुनि महाराज का आभार व्यक्त किया। विधायक मार्को ने कहा कि अमरकंटक जैसी पवित्र नगरी में आधुनिक एवं सुव्यवस्थित मुक्तिधाम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस निर्माण से निश्चित ही आमजन को सुविधाएं मिलेंगी तथा धार्मिक व सामाजिक दृष्टि से क्षेत्र को नई पहचान प्राप्त होगी। श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा किए जा रहे कार्यों में मुक्तिधाम परिसर में नए शेड, पार्क, पानी की टंकी, पौधरोपण एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण शामिल है। इन प्रयासों से परिसर न केवल अधिक आरामदायक, स्वच्छ और आकर्षक बनेगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए सुबह-शाम टहलने का एक उत्तम स्थल भी उपलब्ध होगा। नव-निर्माण मुक्तिधाम का भव्य स्वागत द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र है, जिसमें दक्षिण भारतीय कला-कृतियों का अद्भुत समावेश देखने को मिलता है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का बयान-माताओं बहनों का अपमान

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम व पूर्व जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार द्विवेदी ने कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रदेश की लाखों महिलाओं को शराबी बतलाने पर कडी आपत्ति करते हुए तुरंत माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने पटवारी के बयान को प्रदेश की लाखों माताओं- बहनों का अपमान बतलाया है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी का बयान अत्यंत निंदनीय है। शायद बहनों का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति है। हमारे देश और मध्यप्रदेश की महिलाएं जितनी मेहनत, जितना त्याग करती हैं, उसके लिए उनका जितना सम्मान किया जाए वो कम है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा लाड़ली बहनों को शराबी बताना बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस को प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना से आपत्ति हो सकती है, लेकिन इस द्वेष से कोई अधिकार नहीं कि आप हरतालिका तीज के पावन पर्व पर जब लाखों माताएं -बहने निर्जला व्रत रख कर अपने पति, परिवार और देश के लिये पूजा - उपासना कर रही हों तो आप उसी दिन बहनों का ऐसा अपमान करो। प्रदेश की करोड़ो सनातनी जनता, भाजपा सरकार और लाखों कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेगें। मेरी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष से मांग है कि वह अविलंब प्रदेश की महिलाओं से माफी मांगें।

## तिपान नदी में बह रही महिला को एसडीआरएफ टीम ने बचाया

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** नगर मे मंगलवार की सुबह हरितालिका-तीज पर्व की पूजा मे जुटी कुछ महिलाएं तिपान-नदी में स्नान करने पहुंची। उनमे से से एक 32 वर्षीय महिला तिपान नदी में पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। कलेक्टर-हर्षल-पंचोली के निर्देश पर तैनात एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल उसको रेस्क्यू करके बाहर निकाल लिया। जिससे महिला की जान बच गई। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय शांति समिति के बैठक में इस बार सदस्यों ने कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था कि हरितालिका तीज के अवसर पर महिलाएं सुबह पवित्र नदियों में स्नान करने जाती हैं। बरसात के चलते नदियों में पानी का बहाव तेज है इसलिए अतिरिक्त सावधानी रखी जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा हेतु एसडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया था। कलेक्टर श्री पंचोली ने सदस्यों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सख्ती के साथ पालन करने के निर्देश जिला कमांडेंट को दिये थे। जिसका परिणाम यह हुआ कि डूबती हुई महिला की जान बच पाई।



**ठेका श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा को लेकर जारी हुआ निर्देश**

## कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों को भी मिलेगा डीएवी जैसे स्कूलों आवास, बच्चों में फीस पर छूट

**हरिभूमि न्यूज़राजनगर।** कोल इंडिया निदेशक मंडल ने अपने अनुषांगिक कंपनियों में काम कर रहे ठेका श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए है। इसके तहत बीमा और आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी तथा ठेका कर्मियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व भारतीय डाक दुर्घटना बीमा से जोड़ा जाएगा जिन कंपनियों में ठेका कर्मियों को आवास सुविधा नहीं मिल रही है। वहां ठेकेदार के माध्यम से आवास सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया है, श्रमिक शिविरों के निर्माण के लिए आवश्यकतानुसार स्थान उपलब्ध कराने कहा गया है, तीन साल से अधिक समय से रखे गये ठेका मजदूरों को कंपनी का आवास खाली होने पर कंपनी द्वारा तय जमानत जमा व न्यूनतम किराया पर दिया जा सकता है। ठेका श्रमिकों के बच्चों को कंपनी द्वारा वित्त पोषित स्कूलों में नियमित कर्मचारियों की तरह ही रियायती ट्यूशन फीस लगेगी, आईटीआई, एनआईटी, सरकारी मेडिकल, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश पाने वाले ठेका कर्मियों के बच्चों को ट्यूशन फीस में 50 फीसदी सहायता दी जायेगी ठेका श्रमिकों की पत्नी और 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों को अनुबंध अवधि तक कंपनी के अस्पतालों में ओपीडी चिकित्सा सुविधाएं दी जाएंगी। ठेका श्रमिकों को जुआ खेलने, शराब पीने, अंधाधुंध उधार लेने आदि आदतों के दुष्परिणामों के बारे में समय समय पर जागरूक किया जाएगा, ठेका श्रमिकों की पत्नियों के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने का प्रयास सीएसआर के तहत किया जाएगा। यह खबर आने के बाद ठेका मजदूरों में काफी खुशी जाहिर की। आने वाले समय में ठेका कर्मचारियों को भी अब सुविधा मिलने लगेंगी।

## एक टमाटर के लिये बिजुरी में भरे बाजार महिला की हत्या



### आरोपी हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** बिजुरी मे भरे बाजार एक महिला की महज एक टमाटर के विवाद मे हत्या कर दी गयी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के द्वारा गंभीर अपराधो पर पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया आदेशित की गई है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एस. डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में शनिवार को घटित गंभीर अपराध पर बिजुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई है।

### ऐसे हुई घटना

25 अगस्त को फरियादिया लक्ष्मी बंसल पति होरीलाल बंसल उम्र 50 वर्ष निवासी लोहसरा की थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि मैं तथा सुनीता बंसल पति किशन बंसल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मोहाडा दफाई बिजुरी की हनुमान मंदिर चौराहा बिजुरी में तीज त्यौहार के अवसर पर बिकने वाले बांस के छींटना दातुन 25 अगस्त के सुबह 9 बजे से बेच रही थी। शाम करीब 7 बजे एक अज्ञात व्यक्ति बांस का डंडा से उसे अश्लील गाली गलौज करते हुए मारा जिससे पीड़िता मौके पर बेहोश हो गई। आरोपी को पकड़ कर पूछने पर उसने अपना नाम कृष्ण मोहन कुमार पिता स्वर्गीय बृज किशोर राय निवासी ग्राम मटिहानी थाना मटिहानी जिला बेगूसराय बिहार का होना बताया। घटना विवरण पर अपराध क्र. 267/25 धारा 296, 115 (2), 351(2) बीएनएस का कायम कर अनुसंधान में लिया गया था।

### आरोपी ने कुबूला जुर्म

बेहोश पीड़िता को बिजुरी अस्पताल से रेफर कर ईलाज हेतु रायपुर ले जाया जा रहा था जिसकी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। जिस पर थाना में मर्ग क्रमांक 40/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया। मारपीट पर कायम अपराध पर हत्या की धारा ईफा कर प्रकरण के आरोपी कृष्ण मोहन कुमार से घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा बताया गया कि वह हनुमान मंदिर चौक में सब्जी दुकान से टमाटर लेकर खा रहा था तभी सब्जी वाले और मृतिका के द्वारा उसे डांट फटकार कर भगा दिया गया तथा मृतिका ने उसे अपशब्द कहे जिस कारण से उसने अपने पास रखे बांस के डंडा से मृतिका के सिर पर जानलेवा चोट पहुंचाई जिससे मृतिका की मृत्यु हो गई। आरोपी के बताए अनुसार प्रकरण में बांस के डंडा को जप्त किया गया है तथा प्रकरण के आरोपी कृष्ण मोहन कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सहायक उपनिरीक्षक उदय प्रजापति, बृजेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक बसंत सिंह, आरक्षक अभिषेक शर्मा, विश्वजीत, सत्यभान और करमजीत की भूमिका रही।

## आयोजित हो रहे लोक अदालत का प्रचार करने प्रचार रथ को किया गया रवाना



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को जिला न्यायालय अनूपपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुलह-समझौते के माध्यम से किया जाना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को नेशनल लोक अदालत का लाभ दिलाया जा सकें, नेशनल लोक अदालत की जानकारी प्रत्येक व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार रथ को 26 अगस्त को जिला परिसर अनूपपुर से श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय अनूपपुर से नरेन्द्र पटेल, द्वितीय जिला न्यायाधीश अनूपपुर, श्रीमती चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर, सुश्री सुधा पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर, बॉबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर, बृजेश पटेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनूपपुर, संतदास नापित, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंलिस अनूपपुर, जिला न्यायालय अनूपपुर के अधिवक्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** संकल्प ग्रुप ऑफ़ कॉलेज के छात्रों के लिए मंगलवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने सड़क प्रबंधन में सहयोग करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से ट्रैफिक प्रबंधन और सड़क सुरक्षा मजबूत होती है। खुले मंच पर एसपी ने छात्रों से संवाद करते हुए ट्रैफिक नियम, साइबर अपराध और करियर गाइडेंस पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी के गुर जाने। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली अरविंद जैन, थाना प्रभारी यातायात विनोद दुबे तथा कॉलेज संचालक अंकित शुक्ला सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अनूपपुर पुलिस की यह पहल युवाओं को न केवल जागरूक कर रही है, बल्कि समाज सेवा की दिशा में भी उन्हें प्रेरित कर रही है।

## हरतालिका तीज पर सौभाग्यवती महिलाओं ने मां नर्मदा में लगाई डुबकी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** धार्मिक तीर्थ स्थल एवं पर्यटन केंद्र पवित्र नगरी अमरकंटक में सौभाग्यवती सुहागिन महिलाओं ने भाद्र मास की शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि हरितालिका तीज के पावन अवसर पर पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के कोटि तीर्थ कुंड गांधी कुंड एवं रामघाट में पुण्य स्नान कर डुबकी लगाई महिलाओं के द्वारा तड़के 4: बजे से ही डुबकी लगाने स्नान ध्यान पूजन अर्चन करने का क्रम शुरू हो गया था। सभी सुहागिन महिलाओं ने मौन रहकर डुबकी लगाई स्नान किया तथा भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाया तथा सौभाग्यवती रहने एवं पति की लंबी उम्र की कामना भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से की। सुहागिन महिलाओं के द्वारा मोनी व्रत रखकर सुबह 4: बजे से ही डुबकी लगाने स्नान करने पूजन अर्चन का कार्य शुरू हो गया था संध्याकाल में महिलाओं के द्वारा साज श्रृंगार कर अपने घरों में फूलों का फुलेरा रखकर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की पूजन अर्चन किया जाएगा साथ ही पूरी रात भजन कीर्तन पारंपरिक गायन वादन किया जाएगा। महिलाएं अपने पति की दीर्घायु कामना है तो निर्जला व्रत रखती हैं और पूजन अर्चन करते हैं चतुर चतुर्थ दिवस व्रत पारायण किया जाता है। ल्लेखनीय है कि पवित्र नगरी अमरकंटक के घाट एवं कुंड में लगभग 25 से 30 हजार महिलाओं पुरुषों ने डुबकी लगाई स्नान किया तथा नर्मदा उद्गम मंदिर में तथा भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग में धार्मिक विधि विधान परंपरागत ढंग से पूरे मनोयोग से दर्शन कर पूजन अर्चना किया। एक बार फिर सावन के सोमवार की भारी भीड़ की याद तरो ताजा हो गई।



## खून से लथपथ गाय का शिव मारुति युवा संगठन ने किया उपचार

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कुछ युवाओं में मानवता के कई उदाहरण देखने को मिलते हैं जो इंसान और जानवर में कोई फर्क नहीं समझते और मानवता को सर्वोपरि मानते हुए अपने धर्म, फर्ज को निभाते हैं। ऐसा ही वाक्या जिला मुख्यालय मे मंगलवार की सुबह 6 बजे हुआ जिसमे चेतना नगर के शंकर के पास एक गाय चोटिल हो गई जिसके कई अंगों पर गंभीर चोट लगने के साथ ही उसके शरीर से खून का तेज बहाव हो रहा था जिसकी जानकारी मिलते ही शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) सदस्य राहुल अग्रहरि, बृजेश राठौर समेत संगठन के अन्य सदस्य पहुंचकर गाय का आवश्यक उपचार किया। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) ने सभी गौ सेवकों को सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी से अपील की है कि एक कदम गौ सेवा कि ओर बढ़ाएं जिससे आगे इसी तरह गौ माता की जान बचाई जा सके। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) के नेक कार्य की चारों तरफ तारीफ हो रही है। सभी ने शिव मारुति युवा संगठन के सदस्यों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने मानवता को सर्वोपरि मानकर नेक कार्य किया एवं लोगों के सामने अनोखी मिसाल पेश की।

